# आईआईएम लखनऊ के निदेशक पद हेतु विज्ञापन

भारतीय प्रबन्ध संस्थान लखनऊ (आईआईएमएल) अनुसंधान, परामर्श, प्रशिक्षण और शिक्षण में उत्कृष्टता केन्द्रित विश्व स्तरीय प्रमुख प्रबंधकीय शिक्षण संस्थानों में से एक है।

आईआईएम लखनऊ की स्थापना वर्ष 1984 में भारत सरकार द्वारा प्रबंधकीय शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र के रूप में की गई थी। संस्थान ने एक अग्रणी प्रबंधन संस्थान के रूप में प्रतिष्ठा पाई है। सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शहर लखनऊ में स्थित तथा सुंदर परिसर में स्थापित, आईआईएम लखनऊ बौद्धिक गतिविधियों और विद्वानों के लिए प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करता है। संस्थान का दूसरा परिसर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में स्थित है।

आईआईएम लखनऊ का दृष्टिकोण उत्कृष्टता के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित होना है। साथ ही, प्रबंधन के क्षेत्र में ज्ञान को विकसित तथा प्रदान करने और विश्व स्तर पर, सामाजिक और आर्थिक रूप से सार्थक परिवर्तन लाने के लिए आवश्यक व सामाजिक रूप से जागरूक और विश्व स्तर पर सुसंगत वैचारिक नेतृत्व प्रदान करना है। हमारे आदर्श हैं: सत्यनिष्ठा व विनम्रता, रचनात्मकता, साहस, सम्मान और दायित्व के साथ उत्कृष्टता।

आईआईएम लखनऊ को एक ऐसे निदेशक की आवश्यकता है जो संस्थान का मुख्य कार्यपालक होने के साथ ही, इस मूल्य आधारित संस्थान का नेतृत्व करने के लिए उत्साह से भरा हो। निदेशक शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने, स्कूलों और विषयों में आपसी सहयोग बढ़ाने, छात्र अवसरों का विस्तार करने और यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा कि आईआईएम लखनऊ निरंतर सामाजिक सेवा करता रहे। निदेशक की भूमिका होगी- अकादमिक नेतृत्व प्रदान करना और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के समग्र दिशानिर्देशों के अंतर्गत प्रशासन का संचालन करना।

आवेदक के पास स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर प्रथम श्रेणी की डिग्री और किसी प्रतिष्ठित संस्थान से पीएच.डी. या समकक्ष के साथ विशिष्ट शैक्षणिक रिकार्ड होने चाहिए। आवेदक, अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक तथा व्यावसायिक योग्यता, सुदृढ़ संचार कौशल और प्रमाणित प्रशासनिक क्षमता द्वारा आईआईएम लखनऊ को एक विश्व स्तरीय संस्थान बनाने के उत्साह व दृष्टिकोण के साथ आकांक्षी नेतृत्वकर्ता होना चाहिए। आवेदक के पास निम्नानुसार योग्यता होनी चाहिए:

1. न्यूनतम 15 वर्षों का शिक्षण/अनुसंधान अनुभव, जिसमें से न्यूनतम 7 वर्ष भारत और/या विदेश में आईआईएम या अन्य समकक्ष संस्थानों में पूर्णकालिक प्रोफेसर के रूप में होना चाहिए।

   या

   भारत और/या विदेश में किसी प्रतिष्ठित संगठन में वरिष्ठ प्रबंधकीय पद पर न्यूनतम 15 वर्षों का औद्योगिक अनुभव होना चाहिए।

2. भारतीय नागरिक या भारतीय प्रवासी नागरिक (ओसीआई) होना चाहिए।

निदेशक की नियुक्ति बोर्ड द्वारा विज़िटर के पूर्व अनुमोदन के साथ उन विधियों व संबंधित शर्तों के अधीन होगी जो खोज व चयन समिति (एससीएससी) द्वारा की गई अनुशंसाओं पर आधारित होगी। एससीएससी प्रस्तुत विज्ञापन पर प्राप्त उपरोक्त मानदंडों को पूरा करने वाले आवेदनों के साथ-साथ उद्योग या प्रबंधन शिक्षा क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से प्राप्त नामांकनों पर भी विचार करेगी। एससीएससी के पास आवेदकों की चयनित सूची तैयार करने और निदेशक की चयन प्रक्रिया को संचालित करने का पूर्ण विवेकाधिकार होगा। न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करने मात्र से आवेदक स्वचालित रूप से साक्षात्कार हेतु आमंत्रण के योग्य नहीं हो जाएंगे/जाएंगी।

चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति का संविदा आधारित कार्यकाल, 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, होगा। आवेदक की आयु: 31 मार्च, 2024 को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। नियुक्ति, कार्यकाल और प्रदर्शन की समीक्षा, आईआईएम अधिनियम, 2017 और आईआईएम (संशोधन) अधिनियम, 2023 और आईआईएम नियम, 2018 और आईआईएम (संशोधन) नियम, 2023 और आईआईएमएल विनियम जो लागू हों, द्वारा निर्देशित की जाएगी।

योग्य और इच्छुक आवेदकों को आईआईएमएल की वेबसाइट www.iiml.ac.in पर उपलब्ध नमूना प्रपत्र में सूचना सहित अपना विस्तृत बायोडेटा ईमेल द्वारा scsc2023@iiml.ac.in पर भेजना होगा। इसके साथ ही, विधिवत भरे गए हस्ताक्षरित आवेदन प्रपत्र को भी संलग्न दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ स्पीड पोस्ट द्वारा पता: अध्यक्ष, खोज व चयन समिति, भारतीय प्रबन्ध संस्थान लखनऊ, प्रबंध नगर, आईआईएम रोड, लखनऊ -226013 पर भेजें।

सभी आवेदन अध्यक्ष, खोज समिति के पास दिनांक 21 दिसम्बर, 2023 तक या उससे पहले अवश्य पहुंच जाने चाहिए। निर्धारित तिथि के बाद प्रस्तुत विज्ञापन के उत्तर में प्राप्त कोई भी आवेदन अथवा निर्धारित प्रपत्र में वांछित पूरी सूचना नहीं देने वाले अपूर्ण आवेदन, समिति द्वारा अस्वीकृत किए जा सकते हैं।

# भारतीय प्रबन्ध संस्थान लखनऊ के निदेशक पद हेतु आवेदन प्रपत्र

**1. सामान्य सूचना:**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | अभ्यर्थी का नाम | |
| (ख) | जन्म तिथि (दिन/माह/वर्ष) | |
| (ग) | पता | |
| (घ) | स्थायी पता | |
| (ङ) | संपर्क नंबर/ईमेल आईडी: | |
| (च) | नागरिकता (भारतीय या ओसीआई, यदि ओसीआई तो देश का नाम लिखें) | |

**2. शैक्षिक योग्यता**:

| (क) | योग्यता | वर्ष/विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड | प्रतिशत/ग्रेड (प्रथम, द्वितीय, तृतीय) | विषय/विशेषज्ञता |
|---|---|---|---|---|
| (ख) | पोस्ट डॉक्टोरल | | | |
| (ग) | पीएच.डी. | | | |
| (घ) | स्नातकोत्तर | | | |
| (ङ) | स्नातक | | | |
| (च) | स्कूल | | | |

**3. शैक्षणिक पदभार (पूर्णकालिक आधार पर)**:

| क्र.सं. | पदनाम | संगठन | अवधि | | अनुभव (वर्ष और माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | तिथि से | तिथि तक | |
| (क) | प्रोफेसर या समकक्ष | | | | |
| (ख) | सह - प्राध्यापक या समकक्ष | | | | |
| (ग) | सहायक प्रोफेसर या समकक्ष | | | | |

**4. शिक्षण अनुभव**:

कृपया विभिन्न स्तरों पर पढ़ाए गए पाठ्यक्रमों की सूची संलग्न करें

ए. स्नातक स्तर शिक्षण

| क्र.सं. | वर्ष | पाठ्यक्रम का शीर्षक छात्रों की संख्या | पीजीपी/एम.फिल./पीएच.डी./ एफपीएम/अन्य | अनिवार्य या ऐच्छिक | छात्रों द्वारा प्राप्त रेटिंग |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | | | | | |
| (ख) | | | | | |
| (ग) | | | | | |

बी. स्नातकोत्तर स्तर

| क्र.सं. | वर्ष | पाठ्यक्रम का शीर्षक छात्रों की संख्या | पीजीपी/एम.फिल./पीएच.डी./ एफपीएम/अन्य | अनिवार्य या ऐच्छिक | छात्रों द्वारा प्राप्त रेटिंग |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | | | | | |
| (ख) | | | | | |
| (ग) | | | | | |

सी. कार्यकारी शिक्षा

i. उन पाठ्यक्रमों या कार्यक्रमों की सूची बनाएं और उनका वर्णन करें जिनके आप पाठ्यक्रम निदेशक रहे/रही हैं।

ii. उन कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों की सूची बनाएं और उनका वर्णन करें जिन्हें आपने पढ़ाया है।

iii. कृपया विदेश में किए गए शिक्षण कार्यों का विवरण प्रदान करें।

| क्र.सं. | कार्यक्रम का नाम/वर्ष | कार्यक्रम की अवधि | शीर्षक/ सत्र की सामग्री | छात्रों द्वारा प्राप्त रेटिंग |
|---|---|---|---|---|
| (क) | | | | |
| (ख) | | | | |
| (ग) | | | | |

डी. पर्यवेक्षण किए गए एम.फिल/पीएच.डी. या एफपीएम कार्यक्रम के लिए छात्र/शोधार्थी

| क्र.सं. | वर्ष | मुख्य पर्यवेक्षण में छात्रों की संख्या जिन्होंने अपना शोध प्रबंध पूरे किए | थीसिस समिति की सदस्यता की अवधि में छात्रों की संख्या जिन्होंने अपना शोध प्रबंध पूरा किया |
|---|---|---|---|
| (क) | | | |
| (ख) | | | |
| (ग) | | | |

**5. प्रशासनिक अनुभव (पूर्णकालिक आधार पर)**:

| क्र.सं. | पदनाम | संगठन | अवधि | | अनुभव (वर्ष और माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | तिथि से | तिथि तक | |
| (क) | | | | | |
| (ख) | | | | | |
| (ग) | | | | | |

**6. उद्योग क्षेत्र का अनुभव**

| क्र.सं. | पदनाम | संगठन | अवधि | | अनुभव ( वर्ष और माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | तिथि से | तिथि तक | |
| (क) | | | | | |
| (ख) | | | | | |
| (ग) | | | | | |

**कुल अनुभव (वर्षों की संख्या):**

**क**) शैक्षणिक ...............................वर्ष; **ख**) प्रशासनिक .........................................वर्ष; **ग**) उद्योग:.......................................वर्ष

क्रमशः मदों पर विवरण देने के लिए अतिरिक्त संलग्नक पृष्ठ जोड़े जा सकते हैं (i) प्राप्त उपलब्धियों या नेतृत्व के लिए विद्वत्त समाजों या पेशेवर संघों द्वारा महत्वपूर्ण मान्यता (ii) भारत सरकार या अन्य की समिति के अध्यक्ष या सदस्य के रूप में पिछले 5 वर्षों की सदस्यता (iii) आवेदक द्वारा प्रदत्त कोई भी सार्वजनिक सेवा गतिविधि को संलग्न करें।

7. **शोध अनुभव:**

**8. प्रकाशित पुस्तकें**

| क्र.सं. | पुस्तक का नाम/ प्रकाशक/प्रकाशन का वर्ष | विषय/विवरण |
|---|---|---|
| (क) | | |
| (ख) | | |
| (ग) | | |

**9. प्रकाशित शोध पत्र**:

| लेखक | प्रकाशन वर्ष | शीर्षक | जर्नल का नाम | जर्नल का वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

1. **महत्वपूर्ण उपलब्धियां (संक्षेप में):**

**2. घोषणा**:

मैं, एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन में दिए गए/प्रदत्त समस्त विवरण मेरी सर्वोत्तम सूचना और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण तथा सही हैं। मैं यह भी घोषित करता/करती हूं और मैं पूरी तरह से समझता/समझती हूं कि किसी भी स्तर पर मेरे द्वारा दी गई कोई भी सूचना असत्य या त्रुटिपूर्ण पाए जाने की स्थिति में, मेरा आवेदन अविलंब रद्द कर दिया जाएगा और यदि नियुक्त हो चुकी है तो, मेरी सेवाएं बिना किसी पूर्व सूचना के नियुक्ति पद से समाप्त कर दी जाएगी।

दिनांक: आवेदक के हस्ताक्षर:__________________________

स्थान: आवेदक का नाम :__________________________